# 5 चीज़ें जिन्हें आप नामांकन के लिए तैयार होने के लिए कर सकते हैं

## 1 जाएँ HealthCare.gov

Health Insurance Marketplace®, और मेडिकेड जैसे अन्य कार्यक्रमों, और बच्चों के स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम (CHIP) के बारे में और जानें।

## 2 अपने नियोक्ता से पूछें कि क्या वो स्वास्थ्य बीमा प्रदान करता है

यदि आपका नियोक्ता स्वास्थ्य इन्श्यूरेंस प्रदान नहीं करता है, तो आप मार्केटप्लेस या अन्य स्रोतों के माध्यम से बीमा सुरक्षा (कवरेज) प्राप्त कर सकते हैं।

## 3 अपने स्वास्थ्य योजना के चयन के समय से पहले ही प्रश्नों की एक सूची बनाएँ

उदाहरण के लिए, “क्या मैं अपने मौजूदा चिकित्सक के साथ बना/बनी रहूँ?” या “क्या यह योजना मेरी यात्रा में मेरी स्वास्थ्य लागतों को कवर करेगा?”

## 4 अपनी घरेलू आय के बारे में बुनियादी जानकारी इकट्ठा करें

आपको अपने W-2, वेतन पर्चियों या टैक्स रिटर्न से प्राप्त आय की जानकारी की आवश्यकता होगी।

## 5 अपना बजट सेट करें

विभिन्न प्रकार की आवश्यकताओं और बजटों को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य योजनाएं हैं। आपको यह पता लगाने की आवश्यकता होगी कि आप प्रत्येक माह प्रीमियम पर कितना खर्च कर सकते हैं, और आप प्रेस्क्रिप्शन या चिकित्सा सेवाओं के लिए अपनी ओर से कितना भुगतान करना चाहते हैं।

## Health Insurance Marketplace

आपके पास ऐक्सेस करने योग्य फॉर्मेट में मार्केटप्लेस सूचना प्राप्त करने का अधिकार है, जैसे बड़े अक्षर, ब्रेल, या ऑडियो। आपके पास उस स्थिति में शिकायत दर्ज कराने का भी अधिकार है, यदि आप ऐसा महसूस करते हैं कि आपके विरुद्ध भेदभाव किया गया है। अधिक जानकारी के लिए **CMS.gov/about-cms/agency-information/aboutwebsite/cmsnondiscriminationnotice**, पर जाएँ या मार्केटप्लेस कॉल सेंटर को 1-800-318-2596 पर कॉल करें। TTY प्रयोक्ता 1-855-889-4325 पर कॉल कर सकते हैं।

HealthCare.gov

**CMS Product No. 11629-HI** (Hindi) **August 2021**

यह उत्पाद अमेरिकी करदाताओं के खर्च पर तैयार किया गया था।

Health Insurance Marketplace® is a registered service mark of the U.S. Department of Health & Human Services.



# स्वास्थ्य बीमा बाज़ार

## स्वास्थ्य बीमा विकल्प

मार्केटप्लेस आपके बजट में फिट बैठने वाले और आपकी आवश्यकताओं को पूरा करने वाले स्वास्थ्य कवरेज खोजने में आपकी मदद करता है। बीमा सुरक्षा के लिए आवेदन करते समय आप अपने सारे विकल्प और नामांकन देख सकते हैं। आप निजी बीमा, मेडिकेड या बाल स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम (CHIP) के लिए आवेदन कर सकते हैं।

मार्केटप्लेस में प्रत्येक स्वास्थ्य योजना में चिकित्सक के दौरे, रोकथाम संबंधी देखरेख, अस्पताल में भर्ती होने, प्रेस्क्रिप्शन तथा अतिरिक्त लाभों जैसे आवश्यक स्वास्थ्य लाभों का एक ही सेट प्रदान किया जाता है। आप मूल्य, लाभों और उन अन्य विशेषताओं के आधार पर प्लैनों की तुलना कर सकते हैं जो आप द्वारा फैसला करने से पहले आपके लिए महत्वपूर्ण हैं।


## निजी कंपनियों द्वारा संचालित बीमा योजनाएं

मार्केटप्लेस के माध्यम से प्रदान किए जाने वाले बीमा प्लैन निजी कंपनियों द्वारा संचालित किए जाते हैं। आप मार्केटप्लेस में अपने स्वास्थ्य बीमा सुरक्षा विकल्पों की तुलना कर सकते हैं और नामांकन कराने का निर्णय करने से पहले आप यह देख सकते हैं कि आपका प्रीमियम, कटौती राशियाँ और आप द्वारा अपनी ओर से किए जाने वाले खर्च कितने होंगे।

आपके और आपके परिवार के लिए सुरक्षा है। कैंसर या डायबिटीज़ जैसी  पहले से मौजूद या पुरानी स्थितियों के कारण, बीमा योजनाएं आपको कवरेज से वंचित नहीं कर सकती हैं, और वे महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग प्रीमियम नहीं ले सकती हैं।

## लागतों में साथ मदद प्राप्त करें

जब आप मार्केटप्लेस का उपयोग करते हैं, तो आप अपने मासिक प्रीमियम और आउट-ऑफ-पॉकेट लागत को कम करने के लिए टैक्स क्रेडिट प्राप्त करने में सक्षम हो सकते हैं। जब आप आवेदन करते हैं, तब आपको यह पता लगेगा कि आप कितना बचा सकते हैं। अधिकतर लोग जो आवेदन करते हैं किसी प्रकार की बचत के लिए अर्हता प्राप्त करते हैं।



## मार्केटप्लेस का अन्वेषण करें

अपने प्रश्नों के उत्तर प्राप्त करने और मार्केटप्लेस के बारे में ई-मेल अपडेट्स के लिए साइन अप करने के लिए **HealthCare.gov** पर जाएँ। आप मार्केटप्लेस कॉल सेंटर को 1-800-318-2596 पर फोन भी कर सकते हैं। TTY प्रयोक्ता 1-855-889-4325 पर कॉल कर सकते हैं।

जब खुला नामांकन (Open Enrollment) आरम्भ होता है, तब आप मार्केटप्लेस में जा सकते हैं और स्वास्थ्य बीमा सुरक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं, अपने सारे विकल्पों की तुलना कर सकते हैं और किसी प्लैन में नामांकन करा सकते हैं।

यदि आप विवाह होने, बच्चे का जन्म होने, अन्य बीमा सुरक्षा गंवाने, या कहीं अन्य जाकर बस जाने जैसे जीवन में किसी परिवर्तन के कारण किसी विशेष नामांकन अवधि के लिए पात्र होते हैं, तो आप खुला नामांकन से बाहर बीमा सुरक्षा (कवरेज) के लिए आवेदन कर सकते हैं। आप इसी आवेदन का उपयोग करते हुए वर्ष में किसी भी समय मेडिकेड और CHIP के लिए भी आवेदन कर सकते हैं।